Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# PRESS RELEASE

**31/08/2023/PANINDIA**

## एलआईसी एक उत्कृष्ट कार्य-प्रदर्शन के साथ अपनी उल्लेखनीय 67वीं वर्षगांठ मना रहा है।

भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को बीमा उद्योग में दशकों के विश्वास,अखंडताऔरउत्कृष्टता की प्रतीक स्वरूप अपनी उल्लेखनीय 67वीं वर्षगांठ की घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है।अपनी इस यात्रा पर विचार करते हुए,हमें पूर्व में प्रदर्शित हमारे उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अपार गर्व हो रहा है।

- प्रथम वर्षीय प्रीमियम आयमें 62.58% के मार्केट शेयर के साथ बीमा कार्यक्षेत्र के उदारीकरण के बीस से भी अधिक वर्षों के बाद एलआईसी निरंतर अग्रणी स्थिति पर बना हुआ है।
- संपूर्ण भारत में फैला हुआ विशाल वितरण नेटवर्कऔर भी आगे की वृद्धि के लिए तैनात है।
- एलआईसी पूरे भारत में बीमा एवं बचत की संस्कृति को स्थापित करने में महत्त्वपुर्ण भूमिका निभाते आ रहा है।
- 31मार्च,2023 तक एलआईसी द्वारा कुल 27.74 करोड़ पॉलिसियों को सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

एलआईसी ने अपने सम्मानित पॉलिसीधारकों के लिए उनकी कालातीत पॉलिसियों के लिए 01.09.2023 से एक विशेष पुर्नचलन (रिवाईवल)अभियान आरंभ किया है।

छह दशकों से भी अधिक की विरासत के साथ, एलआईसीने ज़बरदस्त वृद्धिअर्जित की है और भारतीय बीमा बाज़ार में एक प्रमुख भागीदार के रूप में उभरा है, और लाखों-करोड़ों पॉलिसीधारकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हुए ,एलआईसीने वित्तीय सुरक्षा व कल्याण को बढ़ावा देने के लिए नए-मानक स्थापित करना और अभिनव बीमा समाधान पेश करना जारी रखा हुआ है।

वर्ष 1956में 5 करोड़ रुपये की आरंभिक पूंजी के साथआरंभ होने वाले एलआईसी के पास 31 मार्च, 2023 तक ₹ 43,97,205 करोड़ की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम)हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मुख्य विशेषताएं एलआईसी के आदर्श प्रदर्शन को दर्शाती है, जिससे मार्केट लीडर के रूप प में इसकी स्थिति मजबूत हुई है ।

वर्ष2022-23 के लिए प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय ₹ 2,31,899.17 करोड़ थी और एलआईसी ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान 204.65 लाख नयी पॉलिसियां बेची| पॉलिसीयों में इसका मार्केट शेयर 71.76% था जब कि प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय के संदर्भ में यह 62.58% था।यहअसाधारण कार्य-प्रदर्शन पॉलिसीधारकों द्वारा कंपनी की पेशकशोंमें जताए गए भरोसे और विश्वास को रेखांकित करता है।

इसके 8 क्षेत्रीय कार्यालयों, 113 मंडल कार्यालयों ,74 ग्राहक क्षेत्रों ,2048 शाखा कार्यालयों, 1580 सैटेलाइट कार्यालयों, और 13.47 लाख अभिकर्ताओं के माध्यमसे, ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाओं से आश्वस्त कराया जाता है।

वर्ष2022-2023 में, एलआईसी ने ₹ 2,09,938.63 करोड़ रुपये राशी के 225.51 लाख दावों का निपटान किया। इसके परिपक्वता दावों का भुगतान अनुपात 92.65 प्रतिशत और मृत्यु दावों का भुगतान अनुपात 98.60 प्रतिशत था। यह पड़ाव

एलआईसी के समयोचित और परेशानी -मुक्त दावा निपटान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को प्रबल बनाता है, जिससे चुनौती पूर्ण समय के दौरान परिवारों के सामने आने वाले वित्तीय बोझोंसे राहत मिलती है।एलआईसी ने दुर्भाग्यपूर्ण आपदाओं के दौरान तत्काल राहत प्रदान करने की अनेक प्रणालियों को निर्धारित करने का मानक बनाया है। (उदाहरण: बालासोर ट्रेन त्रासदी)

हमारे 'पेन्शन'और 'ग्रुप सुपरएन्युएशन बिज़नेस 'कार्यक्षेत्र ने नयी बिज़नेस प्रीमियम आय के रूप में ₹1,73,259.86 करोड़ एकत्र करके लगातार चार वर्षों तक एक ट्रिलियन के आंकड़े को पार किया है।

मूल्य-निर्धारण में सुधार एवं परिचालन दक्षता बनाने के अलावा एलआईसी द्वारा कई ग्राहक-केन्द्रित पहलों और डिज़िटल पहल की गई है ।

वर्ष 2006 में स्थापित एलआईसी गोल्डन जुबली फ़ाउण्डेशन (जीजेएफ़) ; निगम की सामुदायिक विकास पहल को पूरा करता है और गरीबी  या संकट से राहत, शिक्षा की उन्नति आदि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कार्य करता है। स्थापना के बाद से, जीजेएफ़ ने 723 परियोजनाओं को प्रायोजित किया है और 31.03.2023 तक ₹198.11 करोड़ की राशि का वितरण किया है।

एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी होने के अलावा, एलआईसी चौदह देशों में अपनी उपस्थिति के साथ अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर एक मान्यता प्राप्त वित्तीय समूह है। इसने अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगीयों जैसे  एलआईसी एचएफएल, एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड. के माध्यम सेअन्य वित्तीय सेवाओं में भी कदम रखा हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एलआईसी को ग्राहक सेवा,दावा सेवा, प्रशिक्षण आदि के क्षेत्रों में विभिन्न पुरस्कार और प्रशंसाएं प्राप्त हुईं ,जिनमें बीमा व्यवसाय में सबसे भरोसेमंद ब्रांड का पुरस्कार भी शामिल है | अगस्त में प्रकाशित फॉर्च्यून  2023 सूची में भी 500 ग्लोबलLIC को वां स्थान107 मिला।

अपनी 67 वीं वर्षगांठ मनाते हुए, निगम अपने पॉलिसीधारकों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए समर्पित है।'ग्राहक सबसे पहले' के दृष्टिकोण के साथ उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने एलआईसी को बीमा परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने में सक्षम बनाया है |

हम अपने पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों, और कर्मचारियों के प्रति उनके विगत अनेक दशकोंसे अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करते हैं। बीमा उद्योग में एलआईसी की 67 वर्षों की यात्रा असाधारण से कम नहीं रही है।हमअपनी सफलता का श्रेय अपने निष्ठावान पॉलिसीधारकों और अन्य हितधारकों की हमारे प्रतिनिष्ठा और विश्वासको देते हैं। भविष्य में हमारे कदम रखते हुए ,हम सत्यनिष्ठा, विश्वसनीयता, और ग्राहक-केन्द्रितता के अपने मूल नीति-मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने आदर्श वाक्य 'योगक्षेमं वहाम्यहम्' (आप का कल्याण हमारा उत्तरदायित्व है) की सच्ची भावना के साथ अपने ग्राहकों के कल्याण के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करते हैं।

31 अगस्त, को मुंबई में दिनांकित। 2023

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें कार्यकारी :निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय  जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी :ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट  करें।

---

हमे विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी।